भारत सरकार

संचार मंत्रालय

दूरसंचार विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4240

उत्तर देने की तारीख 18 मार्च, 2026

कॉल ड्रॉप और बेहद कमजोर स्पीड सिग्नल

4240. श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रेः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या महाराष्ट्र के भिवंडी के घनी आबादी वाले कई क्षेत्रों में स्थापित मोबाइल टावरों की संख्या अपर्याप्त है जिसके परिणामस्वरूप बार-बार कॉल ड्रॉप हो जाती है और 4जी/5जी स्पीड सिग्नल बेहद कमजोर हो जाते हैं;

(ख) क्या सरकार उक्त क्षेत्रों में अतिरिक्त मोबाइल टावर लगाने के लिए कोई कदम उठा रही है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) वर्तमान में, भिवंडी मेंमोबाइल नेटवर्क कवरेज़, विभिन्न दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा स्थापित 5,108 बेस ट्रांससीवर स्टेशनों (बीटीएस) द्वारा प्रदान किया जा रहा है और जिला ठाणे, महाराष्ट्र में 33,468 बीटीएस चालू हैं जो भिवंडी क्षेत्र को कवर करते हैं। एक्सेस (वायरलेस) सेवा के लिए भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा जनवरी 2026 के लिए प्रकाशित निष्पादन निगरानी रिपोर्ट (पीएमआर) के अनुसार सभी टीएसपी महाराष्ट्र लाइसेंस सेवा क्षेत्र में कॉल ड्रॉप से संबंधित बेंचमार्कों को पूरा कर रहे हैं जिसमें ठाणे जिले का भिवंडी भी शामिल है।

(ख) और (ग) देश के सेवा से वंचित गांवों में मोबाइल कवरेज प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा डिजिटल भारत निधि स्कीमों के तहत अतिरिक्त मोबाइल टावर स्थापित किए जा रहे हैं। 4जी सेचुरेशन स्कीम के तहत, भिवंडी क्षेत्र के दो गांवों को कवर करने की योजना है। इनमें से, 1 गांव को पहले से ही 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी से कवर किया गया है। इसके अलावा, सेवाओं में सुधार के लिए, मैसर्स बीएसएनएल ने 37 बीटीएस साइटों का 4जी तकनीक में उन्नयन किया है।

*****